## एक नजर में

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को

**रतलाम।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये है।

### कृषि रथ ने भ्रमण कर,ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। विकासखण्ड आलोट के ग्राम पंचायत माउखेडी, दूधिया, गुलबालोद, बगुनिया, विकासखंड पिपलोदा के बरगढ, सोहनगढ, बडायला चौरासी, विकासखण्ड जावरा के गोंदीशंकर, गोंदीधर्मसी, मांडवी, विकासखण्ड सैलाना के सैरा, बेडदा, आंबापाडा, विकासखण्ड रतलाम के मुंदडी, पलास, लालगुवाडी तथा विकासखंड बाजना के संदला, केलकच्छ एवं झरनिया में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, पराली प्रबंधन के संबंध में जानकारी किसानो को दी गई। 20 जनवरी को विकासखण्ड आलोट के ग्राम पंचायत सेमलिया, बामनखेडी, पीपलखेडी, बरखेडा खुर्द, विकासखण्ड पिपलोदा के हरियाखेडा, बाराखैडा, अयाना विकासखण्ड जावरा के बडावादा, बडावदी, ललियाना, विकासखण्ड सैलाना के पाटडी, चंदेरा तथा विकासखण्ड बाजना के मानपुरा, झोली चंद्रगढ, रायपाडा में रथ भ्रमण करेगा। किसान भाई इन पंचायतों में सम्मिलित होकर उक्त योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### ''संकल्प से समाधान अभियान'' में शिविरों लगे

**रतलाम।** शासन की विभिन्न जन योजनाओं/ सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय किये जाने हेतु ''संकल्प से समाधान अभियान'' के तहत नगर निगम द्वारा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, कस्तुरबा नगर पानी की टंकी, नरसिंह वाटिका, हरमाला पम्प हाउस, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड व फायर स्टेशन भवन नगर निगम में 12 जनवरी से 31 मार्च तक कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है। 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 के लिये अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13, 14 व 15 के लिये कस्तुरबा नगर पानी की टंकी, वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 44, 45, 46 व 47 के लिये नरसिंह वाटिका, वार्ड क्रमांक 23, 24, 25, 26, 41, 42 व 43 के लिये हरमाला पम्प हाउस, वार्ड क्रमांक 27, 28, 29, 30, 31, 32, 34, 36 व 37 के लिये अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड व वार्ड क्रमांक 33, 35, 38, 39, 40, 48 व 49 के लिये फायर स्टेशन नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित किये गये है। आयोजित शिविर में पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की चिन्हीत हितग्राही मूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं जिनके लक्ष्य निर्धारित है, के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिये प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु उसी समय योजना से संबंधित आवेदन भरवाया जावेगा एवं आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराकर आवेदन के साथ संलग्न किये जायेंगे।

# 8 लेन पर दंपत्ति को लूटने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में शिवगढ़ थाना क्षेत्र से लगे 8 लेन पर लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। विशेष टीम सायबर सेल और सीसीटीवी की मदद से आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चांदी की चूड़ी, मोबाइल सहित नगदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

**विशेष टीम ने सायबर सेल और सीसीटीवी से पकड़े आरोपी, लूट का सामान जब्त**



पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में मीडिया को बताया कि 8 लेन रोड से निकलने का कट वालारुण्डी के पास ग्राम वालारुण्डी में आम रोड़ पर कुछ अज्ञात लोगो ने फरियादी राकेश पिता प्रभुलाल मईड़ा जाति भील उम्र 23 साल निवासी ग्राम साँवलियारूण्डी व पीडिता संगीताबाई पति राकेश मईड़ा जाति भील उम्र 21 साल निवासी ग्राम साँवलियारूण्डी के साथ कुल 23900/ रूपये, एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल फोन व दो चांदी की चुडी किमती 6000/- रूपये को लुट कर ले गये थे। फरियादी शिवगढ़ थाना पुलिस के पास पंहुचा और वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने लूट डकैत का मामला दर्ज कर जांच में लिया।

वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में एसडीओपी ग्रामीण किशोर पाटनवाला एवं सुश्री अनीषा जैन प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई, टीम ने सायबर सेल रतलाम व सीसीटीवी कैमरे की मदद एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहीयो कैलाश पिता लालु हाडा (24) निवासी ग्राम तलीनखेड़ा थाना बाजना, फतेहसिंह उर्फ फतिया पिता शम्भु मुनिया (25) निवासी पोटलिया थाना पाटन जिला बांसवाड़ा, दिनेश उर्फ कालु पिता लालू हाड़ा (22) निवासी ग्राम तलीनखेड़ा थाना बाजना, बाबुलाल उर्फ बबलु पिता चकना चारेल (20) निवासी ग्राम गढीगमना थाना बाजना, सतीश पिता कमजी कटारा (24) निवासी ग्राम पोटलिया थाना पाटन जिला बांसवाड़ा व लखन पिता लालु हाड़ा (20) निवासी ग्राम तलीनखेडा थाना बाजना को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने लूट डकैत करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लुट किया माल व लुट में उपयोग किया वाहन को बरामद किया गया। जांच के दौरान मामला डकैती का मिलने पर प्रकरण में धारा 310(2) बीएनएस को बढ़ाया गया। लूट डकैत के सभी आरोपीयो को न्यायालय सैलाना पेश किया जावेगा।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका, टीम होगी पुरस्कृत

लूट व डकेती की घटना के आरोपीयों की गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी शिवगढ सुश्री अनीषा जैन प्रशिक्षु डीएसपी, निरीक्षक अय्युब खान थाना प्रभारी थाना बिलपांक, उपनिरीक्षक शांतिलाल चौहान, जोरसिंह डामोर, सउनि. ईशाक मोहम्मद खान, कार्य.प्र.आर. अमित त्यागी, कार्य.प्र.आर. शिवपालसिंह सिसोदिया धीरेन्द्रसिंह सिसोदिया, थाना कालुखेड़ा से प्रधान आर. नारायणसिंह, थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा से प्रधान आर. दिलीप रावत, थाना नामली से आर. माखनसिंह थाना बिलपांक से आर. रोशन राठौर, संजय सोनी, थाना शिवगढ़ से आर. मनीष खराडी, नितेश नलवाया, रावजी गणावा, रोहित गुर्जर, रमेश सोलंकी एवं एसडीओपी कार्यालय ग्रामीण रतलाम से आरक्षक विकास, धर्मेन्द्र तथा सीसीटीवी शाखा से प्रधान आरक्षक शांतिलाल डिंडोर, आरक्षक पारस चावला एवं सायबर सेल रतलाम से प्रधान आरक्षक मनमोहन, आरक्षक विपुल भावसर, आरक्षक मंयक व्यास, आरक्षक राहुल, आरक्षक राधे जावरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम को एसपी ने की पुरस्कृत करने की घोषणा।

# एक माह बाद मिला अवैध नल कनेक्शन तो 10 हजार जुर्माना

**रतलाम।** महापौर परिषद (एमआईसी)की बैठक में अवैध नल कनेक्शन को लेकर चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि एक माह तक अवैध नलकनेक्श

**एमआईसी की बैठक में अवैध नल कनेक्शन को लेकर निर्णय**

वैध किए जाएंगे। इसके बाद कनेक्शन मिलने पर 10 हजार रूपए का जुर्माना और कनेक्शन की राशि वसूली जाएगी। महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मटन की दुकानों को शहर से बाहर एक ही स्थान पर स्थापित करने, अवैध नल कनेक्शनों पर कार्यवाही किये जाने आदि प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना अर्न्तगत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी, डोसीगांव में डीपीआर 1 में निर्मित 95 तथा डोसीगांव में डीपीआर 2 में निर्मित 141 एलआईजी फ्लेट विक्रय हेतु 6-6 बार निविदा आमंत्रित किये जाने के उपरांत भी फ्लेट विक्रय नहीं होने पर अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किराये पर दिये जाने व निविदा आमंत्रित किये जाने की महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की। जिसके तहत एमआईजी फ्लेट हेतु प्रतिमाह 10 हजार किराया व 18 प्रतिशत जीएसटी तथा एलआईजी फ्लेट हेतु प्रतिमाह 8 हजार किराया व 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अर्न्तगत डीपीआर-3 बंजली निर्मित एलआईजी फ्लेट का प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 9 आवेदकों को एलआईजी फ्लेट का अस्थाई आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। अवैध नल कनेक्शनों पर कार्यवाही किये जाने के तहत एक माह की समयावधि में अवैध नल कनेक्शनधारी व्यक्ति अपना नल कनेक्शन को अनिवार्य रूप से निर्धारित राशि रूपये 3,500 जमा कर अवैध नल कनेक्शन को वैध करायें समयावधि पश्चात् अवैध नल कनेक्शनधारी से राशि रूपये 10हजार के पेनल्टी व राशि रूपये 3 हजार 500 वसूल किया जाकर अवैध नल कनेक्शन को वैध किये जाने के प्रस्ताव को महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की।

### रिक्शा और मैजिक से प्रति ट्रीप 5 रूपए वसूली की तैयारी

एमआईसी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं पर बात ई। वहीं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड पर ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं मैजिक वाहनों प्रति ट्रीप 5/- रूपये वाहन शुल्क लिये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### यह रहे मौजूद

बैठक में परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामुभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, निगम आयुक्त अनिल भाना, उपायुक्त करूणेष दण्डोतिया, सहायक यंत्री सुहास पंडित, स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, उपयंत्री राजेष पाटीदार, ब्रजेष कुषवाह, निगम सचिव राजेन्द्र शर्मा के अलावा राजेन्द्र पुरोहित आदि उपस्थित थे।

# बाइक पर हेलमेट और मास्क पहनकर आए आरोपियों ने महिला से चेन लूटी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के महलवाड़ा क्षेत्र में बाइक पर आए दो युवकों ने एक महिला चेन लूटी और फरार हो गए। युवकों ने हेलमेट और मास्क पहन रखा था।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**

शहर के स्टेशन रोड थाना अंतर्गत महलवाड़ा स्थित जैन कॉलोनी में रविवार शाम चैन स्नैचिंग की वारदात सामने आई है। जैन कॉलोनी निवासी सर्राफा व्यापारी बैंकी छाजेड़ की पत्नी रविवार शाम अपनी बेटी को घर के बाहर स्केटिंग करा रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश मौके पर पहुंचे।

बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल चला रहा आरोपी हेलमेट पहने हुए था, जबकि पीछे बैठे आरोपी ने मास्क लगा रखा था। दोनों ने महिला के गले से सोने की चैन छीनने की कोशिश की। इस दौरान चैन टूटकर नीचे गिर गई, लेकिन बदमाश चैन का पेंडल और सोने का नाका लेकर फरार हो गए।

यह पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। वारदात रविवार शाम करीब 6:45 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़िता ने सोमवार को स्टेशन रोड थाना पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र के रहवासियों में दहशत का माहौल है।

# नवाचार और आत्मनिर्भरता से कोई भी सफल व्यवसायी बन सकता



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस सेल और वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्यडॉ. मंगलेश्वरी जोशीकी अध्यक्षता में नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं मेंउद्यमिता और नवाचार की भावनाको प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ताडॉ.दिनेश बौरासी, ईडी से प्रशिक्षित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्राध्यापक एमपी कोड शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालयरहे।

अपने व्याख्यान में उन्होंने स्टार्टअप और उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे नवाचार, रचनात्मक सोच और आत्मनिर्भरता के माध्यम से कोई भी छात्र या उद्यमी सफल व्यवसाय शुरू कर सकता है। डॉ. बौरासी ने व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रियाओं, चुनौतियों, बाजार की संभावनाओं और उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में व्यवसायिक सोच, रणनीति और जोखिम प्रबंधन कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम कासमन्वय स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं महाविद्यालय के टीपीओडॉ. माणिक डांगेद्वारा किया गया, संचालन डॉ. तबस्सुम पटेलने किया। छात्राओं ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपने संदेहों और सवालों का समाधान प्राप्त किया। इस सत्र में उन्होंने स्टार्टअप के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिससे उनकी उद्यमिता की समझ और जागरूकता बढ़ी।

यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं मेंव्यावसायिक दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमताको विकसित करने में सहायक रहा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसायिक विचारों को साकार करने और नवाचार के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम में डॉ सुरेश चौहान,डॉ स्नेहा पंडित,डॉरितिका श्रीवास्तव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।आभार डॉ मधु गुप्ता ने ज्ञापित किया।



# जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों की पहचान का अभियान जारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया के मार्गदर्शन में जिले की सभी आँगनबाड़ी में कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु विशेष अभियान 12 से 21 जनवरी तक चलाया जा रहा है।

इसके लिए जिले की सभी 10 परियोजनाओं और 67 सेक्टर में नोडल अधिकारीयो की नियुक्ति की गई हैं। जो जिले की समस्त 2131 आंगनवाड़ी केन्द्रो में इस अभियान की सतत निगरानी करेंगे। प्रतिदिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों का वजन लेने के निर्देश दिए गए है।

18 जनवरी तक जिले में आँगनबाड़ी में दर्ज 132807 बच्चों में से 77568 बच्चों का वजन लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रो पर बच्चों का सही वजन लेकर समस्त कुपोषित बच्चों की पहचान करना है ताकि समय रहते उनके स्वास्थ्य स्तर में आवश्यक सुधार किया जा सके।

# प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ आधार सेवा केंद्र बना रतलाम प्रधान डाकघर




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के डाकघर आधार सेवा केंद्र, आधार सेवाओं के लिए लाभार्थियों की प्रथम पसंद बनते जा रहे हैं। इसी के चलते अब प्रधान डाक घर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ आधर सेवा केन्द्र बना हैं।

**अधीक्षक डाकघर रतलाम को परिमंडल ट्रॉफी से पुरस्कृत किया**

अधीक्षक डाकघर रतलाम राजेश कुमावत ने बताया कि रतलाम डाक संभाग मध्य प्रदेश परिमंडल में नवाचारों के लिए जाना जाता है। आधार सेवा को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए चाहे जिला प्रशासन के साथ विद्यालयों में आधार शिविर आयोजित करना हो या ग्राम पंचायतों की मांग पर पंचायत में आधार शिविर आयोजित करना हो, चाहे आधार सेवा केंद्र को एक से अधिक पारियों में संचालित करना हो या उनके कार्य समय में वृद्धि करना हो, रतलाम डाक संभाग अपनी अलग पहचान रखता है। इसी कारण जिले के डाकघर आधार सेवा केंद्र, आधार सेवाओं के लिए लाभार्थियों की प्रथम पसंद बनते जा रहे हैं। रतलाम प्रधान डाकघर के आधार सेवा केंद्र ने तो पूरे मध्यप्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश डाक परिमंडल में वर्ष 25-26 में 1 अप्रैल से 31 दिसंबर तक की अवधि के लिए परिमंडल के 23 संभागों और 55 जिलों में संचालित आधार सेवा केंद्रों में रतलाम प्रधान डाकघर स्थित आधार सेवा केंद्र को मध्यप्रदेश का सर्वश्रेष्ठ आधार सेवा केंद्र चुना गया है। 16 जनवरी को भोपाल में आयोजित समारोह में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मध्यप्रदेश परिमंडल विनीत माथुर, पोस्टमास्टर जनरल जबलपुर परिक्षेत्र बृजेश कुमार और पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र श्रीमती प्रीति अग्रवाल द्वारा अधीक्षक डाकघर रतलाम राजेश कुमावत को परिमंडल ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। रतलाम प्रधान डाकघर में आधार सेवा केंद्र सोमवार से शनिवार तक प्रात: 7 बजे से रात्रि 7 बजे तक अनवरत संचालित होता है।

# विराट हिंदू सम्मेलन 26 को, विभिन्न समितियां की गठित

**जावरा।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में जावरा नगर स्थित विश्वनाथ बस्ती में 26 जनवरी सोमवार को दोपहर 3 बजे विराट हिंदू सम्मेलन धाकड़ धर्मशाला पिछली ओर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई है। जिसमे कार्यक्रम संयोजक सुभाष टुकड़िया, सहसंयोजक आशीष सर्राफ, अशोक पोरवाल मदन प्रजापत एवं हेमा पगारिया और संघ के पालक समाजसेवी अजीत चत्तर है। विश्वनाथ बस्ती के अंतर्गत 12 बस्तियो के अंतर्गत सुतारीपुरा, आजाद चौक, सोमवारिया , सेठो की गली, शुक्रवारिया, भगतगली रावण दरवाजा, कुम्हारीपुरा, धाकड़ी पुरा, पिछली ओल, नाई गली व रविदास मोहल्ला यह नाम 12 ज्योतिर्लिंग के नाम पर रखे गए है । संघ के स्वयंसेवक व मातृशक्ति विश्वनाथ बस्ती के अंतर्गत सभी मोहल्ले में जनसंपर्क करते हुए अधिक से अधिक संख्या में विराट हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं। कल 19 जनवरी को शाम 7 बजे सोमवारिया स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर के सामने कार्यालय का शुभारंभ होगा। संघ के शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने की अपील समिति पदाधिकारीयों द्वारा की गई है।



# चौपाटी दुर्गा माता मंदिर से निकली शोभा यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त नगर के महाकाल बस्ती जावरा का विराट हिंदू सम्मेलन शास्त्री

**शास्त्री हाल मे हुआ विराट हिंदू सम्मेलन+**

हाल शास्त्री कॉलोनी में संपन्न हुआ। जिसमें बस्ती के सैकड़ो सनातनी परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रप्रथम, सामाजिक समरसता व सांस्कृतिक चेतना का परिचय दिया, दुर्गा माता मंदिर चौपाटी से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें बस्ती के श्रद्धालु, स्वयंसेवक व मातृशक्ति परिवार सम्मिलित हुए, इसके पश्चात शोभायात्रा बस्ती के मार्गो से होती हुई शास्त्री हाल पहुंची, वहां पर सम्मेलन में अतिथि आगमन के पश्चात दीप प्रज्वलन से सम्मेलन प्रारंभ हुआ, इसके पश्चात बस्ती के बच्चों ने धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, शोभायात्रा का बस्ती में अनेक श्रद्धालु परिवारों ने स्वागत किया।

सम्मेलन में अतिथि के रूप मे भागवताचार्य पंडित मनीष शर्मा, राष्ट्र सेविका समिति रतलाम विभाग से जया शक्तावत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नेपालसिंह डोडिया व कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र सक्सेना मंचासीन रहे, सम्मेलन में अतिथियों के सम्मान के पश्चात सभी का बौद्धिक प्राप्त हुआ, बस्ती के वरिष्ठजन एवं मातृशक्ति का सम्मान किया गया। साथ ही गौपूजन व भारत माता की आरती की गई, जिसके पश्चात समरसता भोज का आयोजन किया गया, समस्त कार्यक्रमों में बस्ती के सैकड़ो हिंदू परिवारों ने हिस्सा लिया व सम्मेलन को सफल बनाया।

**आयोजन** | जेएसजी मैत्री ने आयोजित की पतंग सजाओ व म्यूजिकल तंबोला प्रतियोगिता

# पतंग सजाओं, तंबोला के विजेताओं को किया पुरस्कार वितरित

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** वर्तमान दौर में जहाँ धर्म की पालना होती है, जहाँ पर पावनता का दार्शनिक स्वरूप होता हैं, जहा मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से तनावों को दूर करते हुए हर गतिविधि में सभी साथी मिलजुलकर हिस्सा लेते हैं, वहाँ अपनत्व व मित्रता बडतीहै ऐसे ही आयोजनों के माध्यम से जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री निरंतर कार्य कर रहा हैं। उक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री की पारिवारिक मनोरंजन सभा में जैन सोश्यल ग्रुप के अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल ने अंबिका रिसोर्ट में व्यक्त किए।




इस अवसर पर पतंग सजाओ प्रतियोगिता व म्यूजिकल तंबोला प्रतियोगिता आयोजित की गई, उपरोक्त जानकारी देते हुए जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री सचिव शशांक मेहता व पूर्व अध्यक्ष संदीप रांका ने बताया की ग्रुप के उपस्थित 115 दंपत्ति साथियों द्वारा म्यूजिकल तम्बोला में हर गीत पर ग्रुप सदस्यों ने डांस की प्रस्तुति देते हुए आयोजन में सभी का मन मोह लिया, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। मैत्री अध्यक्ष राजेश पोखरना ने स्वागत भाषण दिया। मंगलाचरण श्रुति अमन दसेडा द्वारा प्रस्तुत किया गया। सेल्फी पॉइंट पर सभी सदस्यों ने आकर्षक सेल्फी ली, म्यूजिकल तंबोला करीब 3 घंटे तक निर्बाध रूप से चला, तम्बोला कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन सिंगर पप्पू शर्मा द्वारा किया गया। अंत में ग्रुप द्वारा 12 दिवसीय शिखरजी तीर्थ यात्रा संपन्न होने पर अध्यक्ष पोखरना, शशांक मेहता व कोषाध्यक्ष संदीप दसेडा का बहुमान किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक मेहता व शरद डूंगरवाल ने व आभार अर्पल कोचट्टा ने माना।

### आयोजन में यह रहे उपस्थित

आयोजन में पूर्वअध्यक्षगण पंकज कांठेड, राजीव लुक्कड, आलोक बरैया, दिपक मेहता, तरुण टुकडिया, शैलेष श्रीश्रीमाल, विपिन चोरडिया, अजय पटवा, श्रेयांश कोठारी, रितेश चोपडा, आशीष सुराणा, संदीप श्रीमाल, अरुण धारीवाल, पुखराज संचेती, संजय भटेवरा, राजीव लुहाडिया, महावीर धारीवाल, नीलेश कांकरिया, आलोक जैन, राहुल बरैया, वैभव ओस्तवाल, पियूष कांठेड, यश मेहता, चिंतन टुकडिया, राजेश हिंगड, अजय कांठेड, दीपक लुक्कड, ऋषभ पगारिया, विनीत संचेती, पुखराज सुराणा, अभय छजलानी, रोहित चोरडिया उपस्थित थे।